हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार 30 जून 2024
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

4 गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए बच्चों को नियमित भेजें स्कूल








## अब खेती-किसानी का कार्य पकड़ेगा जोर, उमसभरी गर्मी से मिली राहत

# मूसलाधार बारिश से जलमग्न हुए खेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जून माह की शुरूआती दौर में सूखे की स्थिति बनी रही, लेकिन जाते-जाते जून में कोरिया जिले में जमकर बारिश हुई। 29 जून को कई जगहों पर तो काफी देर तक मूसलाधार बारिश हुई,वहीं जिले के अधिकांश क्षेत्रों में सुबह से लेकर दोपहर तक सामान्य बारिश होती रही। इस दिन शहर भी बारिश से तरबतर हो गया, यहां भी पांच घंटे से हल्की बारिश का दौर चलता रहा।

इस तरह आषाढ़ माह के पहले सप्ताह के आखिरी में बारिश की झड़ी घंटों लगी रही, जिससे कि खेतों में पानी भर गया एवं कई नदी नालों में बाढ़ उतर गई साथ कई कई क्षेत्रों में सड़क पर भी पानी का जमाव हो गया। जमकर हुई बारिश के बाद तापमान का पारा भी लुढ़क गया और कई दिनों से उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिल गई। जानकारी के अनुसार 29 जून को जिले के अधिकांश क्षेत्रों में घंटो बारिश होती रही। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में सुबह 8 बजे से हल्की रिमझिम फुहार शुरू हुई थी, बाद में तेज बारिश हुई और दोपहर तक हल्की बारिश होती रही। इसी तरह जिले के पटना क्षेत्र में इस दिन जमकर बारिश हुई, इसके कारण कई क्षेत्रों के सड़क पर पानी का जमाव काफी हो गया, जिससे कि आवागमन प्रभावित हुआ। जानकारी के अनुसार भारी बारिश के कारण जिले के पटना से कुड़ेली मार्ग पर पड़ने वाले बासेन नाले में बाढ़ उतर आया था, जिसके कारण इस मार्ग पर आवागमन घंटो बाधित रहा। इसी तरह का हाल जिले के कई क्षेत्रों में बने रहने की जानकारी रही। 29 जून को सोनहत, बैकुंठपुर जनपद क्षेत्र के कई गांवों में जमकर बारिश हुई, वहीं हल्की बारिश का दौरान अपरान्ह तक चलता रहा। इस दिन जिलेभर में कई घंटों तक हुई बारिश के कारण सभी ओर पानी पानी हो गया। बारिश के कारण मौसम में शीतलता घुल गई और उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिल गई।

### सर्वाधिक बारिश सोनहत जनपद क्षेत्र में

मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिले में 29 जून तक की स्थिति में सोनहत जनपद क्षेत्र में हुई है। जिसके तहत सोनहत जनपद क्षेत्र में अब तक 23.8 मिमी, बैकुंठपुर में 304 मिमी, पटना क्षेत्र में 11.1 मिमी तथा पोड़ी बचरा तहसील क्षेत्र में बारिश नहीं के बराबर हुई है। इस तरह जिले में 29 जून तक औसत बारि 9.6 मिमी हुई है, जोकि अब तक की स्थिति में सामान्य से भी कम है।

### अब जोर पकड़ेगा खेती किसानी का कार्य

अब तक जिले के कई क्षेत्रों में पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण खेती-किसानी का कार्य प्रभावित हो रहा था। किसान खेतों की सही तरीके से जुताई नहीं कर पा रहे थे, वहीं खंड वर्षा की स्थिति के कारण कई क्षेत्रों में जहां जमकर बारिश पहले हुई, उन क्षेत्रों में किसान खेत की जुताई शुरू कर दिए थे, लेकिन अब जिलेभर में झमाझम बारिश के बाद खेतों की प्यास बुझ गई और नमी पर्याप्त हो गई, इसके बाद अब जिले में खेत जुताई का कार्य तेजी से शुरू होंगे।

## ससुर-दामाद के बीच झगड़ा

# बीच बचाव करने गए पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

■ सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ का मामला

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में दामाद और ससुर का झगड़ा सुलझाने गए सिटी कोतवाली के तीन पुलिसकर्मियों के साथ गाली - गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। शुक्रवार की रात्रि कोतवाली से महज 500 मीटर दूर बस स्टैंड क्षेत्र के काली मंदिर इलाके में यह घटना हुई। बताया जाता है कि मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर पुलिस को इस बात की जानकारी मिली कि ससुराल आया दामाद अपने ही सास-ससुर के साथ हाथापाई कर रहा है।

दामाद का नाम रितेश सिंह है, जो उत्तरप्रदेश के बलिया से अपने ससुराल मनेन्द्रगढ़ आया था। किसी बात पर दामाद नशे की हालत में अपने सास-ससुर को गाली देते हुए हाथापाई कर रहा था। घटना के दौरान सिटी कोतवाली में पदस्थ आरक्षक सहदेव सिंह, उत्तरा कश्यप और रोशन राव उइके मौके पर पहुंचे तो नशे में चूर दामाद रितेश सिंह उन पर भड़क गया। पारिवारिक विवाद में दखल देने की बात कहते हुए उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट करने लगा, इसके साथ ही पुलिस कर्मियों को जान से मारने की धमकी भी दी।

### आरोपी दामाद गिरफ्तार

घटना से नाराज आरक्षक की शिकायत पर सिटी कोतवाली में आरोपी रितेश सिंह पर केस दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी के मामले में अलग-अलग घाराओं में मामला दर्ज किया गया, आगे की कार्रवाई जारी है।

### बीच बचाव करने गए थे

पारिवारिक विवाद में बीच बचाव करने गए थे, आरोपी हमारा ही कॉलर पकड़ने लगा।

**-रोशन राव उइके,** आरक्षक

### कार्रवाई की गई है

आरोपी दामाद ने पुलिसकर्मियों के साथ गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी। आरक्षक की शिकायत पर कार्रवाई की गई है।

**-चेतनराम राजवाड़े**
एएसआई सिटी कोतवाली

## खबर संक्षेप

### कोयला मजदूर संघ का कार्यकर्ता सम्मेलन



**पटना।** सामुदायिक भवन पाण्डवपारा में भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ छग क्षेत्र झिलिमिली पाण्डवपारा में 28 जून को कार्यकर्ता सम्मेलन एवं मोटरसाइकिल से कॉलोनी भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में अखिल अतिथि के रूप में भारतीय खदान मजदूर संघ के संगठन मंत्री अशोक कमियां , केन्द्रीय महामंत्री सुजीत सिंह,कंपनी जेसीसी सीसीएल कंपनी सुरक्षा समिति के सदस्य संजय सिंह, शिव कुमार दुबे की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में अशोक मिश्रा एवं सुजीत सिंह का मार्गदर्शन रहा, इसके पश्चात सामुदायिक भवन में उपस्थित लगभग 300 कार्यकर्ताओं का भगवा गमछा पहनाकर अतिथि के हाथों सम्मानित किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में रामजी पांडे, राजकुमार सिंह, बीएल गुप्ता, आरके मंडल, उमाकांत शुक्ला, विनय श्रीवास्तव, लरंगु राम, मधुसूदन घोष, बृजेश सिंह, वीरेन्द्र पाल, वीरेन्द्र प्रताप, दीपक साहू, अखिलेश सिंह आदि शामिल रहे।

### प्रीबीएड और प्री डीएलएड की प्रवेश परीक्षा आज

**मनेन्द्रगढ़।** छग व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 30 जून को प्री बीएड और प्रीडीएलएड 2024 की प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। ये परीक्षाएं जिले के पांच परीक्षा केन्द्रों में दो पालियों में आयोजित होंगी। प्रीबीएड परीक्षा प्रातः 10 से 12:15 बजे तक और प्री डीएलएड 2024 की परीक्षा दोपहर 2 से 4:15 बजे तक होगी। परीक्षार्थियों के लिए निम्नलिखित दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। प्रत्येक परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटे पूर्व उपस्थित होना अनिवार्य है, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से पहचान की जा सके और परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के बाद किसी भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षार्थियों को फोटोयुक्त मूल आईडी प्रूफ जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन काडर्, आधार कार्ड, पासपोर्ट, विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र या फोटोयुक्त अंकसूची मूलरूप में लाना अनिवार्य है।

# 1200 रुपए किलो बिक रहा पुटू



**बैकुण्ठपुर।** बरसात शुरू होने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से जंगली पुटू की शुरूआती आवक शुरू हो गई है। शनिवार को शहर के बाजार में पहली आवक में पुटू की कीमत 300 रूपए पाव यानी 1200 रूपए किलो की दर से विक्रय की जाती रही।

# चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ पटना पुलिस ने किया खुलासा

जिले के पण्डोपारा थाना पटना क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं एक आरोपी फरार है।

पुलिस ने आरोपियों को 48 घंटे में पकड़ा, साथ ही चोरी का सामान खरीदी करने वाले को भी गिरफ्तार कर लिया है। पकडे गए आरोपी पूर्व में भी कई चोरियों को अंजाम दे चुके हैं। घटना के संबंध में पुलिस से



मिली जानकारी के अनुसार बीते 25 जून को प्रार्थी निर्मल साय पिता कमल साय निवासी पण्डोपारा ने पटना थाना में उपस्थित होकर लिखित आवेदन प्रस्तुत रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24-25 जून की मध्य रात्रि में घर के दरवाजे को तोड़कर अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात और नगदी रकम चोरी कर ली है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 457 एवं 380 भादवि का अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया। इसी दौरान 28 जून को साईबर सेल की तकनीकी सहायता एवं मुखबीर की सूचना के आधार पर चैतराम उर्फ चैतू, आनंद कुमार उर्फ छोटालु एवं गुड्डू द्वारा उक्त चोरी को अंजाम दिया गया है।

इस जानकारी पर थाना पटना एवं साइबर सेल की टीम द्वारा चैतराम एवं आनंद को उनके निज निवास लालपुर मनेन्द्रगढ़ से पकड़ा गया,वहीं एक अन्य आरोपी गुड्डू फरार है।

⏭ शेष पेज 4 पर

## वनांचल रामगढ़ क्षेत्र के ग्राम गरनई में अद्भुत घटना

# बिना मोटर चारों पहर बहती है जलधारा



बोर से निकल रही जलधारा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

### व्यर्थ बहते जल का संरक्षण की जरूरत


जिले के सोनहत जनपद के वनांचल ग्राम गरनई में स्थित एक बोर से जिस तरह से बीते कई सालों से अनवरत अविरल जलधारा बिना मोटर पंप के सालों भर चौबीस घंटे निकल रही है,जो उपयोग करने के बाद व्यर्थ बह रहा है, ऐसे में व्यर्थ बह रहे जल को संरक्षित करने की दिशा में योजना बनाकर जल संरक्षण करने की जरूरत है। जल की महत्ता उस जगह के लोगों से ज्यादा कौन समझ सकता है, जहां सूखे की स्थिति गर्मियों में बन जाती है और दूर-दूर से पेयजल प्राप्त करना पड़ता है।

प्रकृति अजूबों से भरा है, इनमें से कई अजूबों को देख कर हमें दांतों तले उंगली भी दबानी पड़ती है। प्रकृति में ऐसे कई अजूबे हैं, जो आज तक पहेली बनी हुई।

वहीं कई अजूबे पहेली को विज्ञान सुलझा लिया है। हमें पता है कि जमीन की गहराई से पानी निकालने के लिए मोटर पंप की आवश्यकता पड़ती है, लेकिन कोरिया जिले के एक गांव में जब बोर का खनन किया गया तो उसमें अनवरत पानी का फौव्वारा फूट पड़ा, जिसके बाद से वहां पर आज तक सालों पर चौबीस घंटे जमीन के नीचे से बिना मोटर पंप के विद्युत जलधारा निकल रही है, जिसके कारण गांव में पानी की कोई कमी नहीं है। ऐसे नजारे को पहली बार देखने वाले दांतो तले उंगली दबा लेते हैं, लेकिन गरनई गांव वालों के लिए अब यह कोई नई बात नहीं है। कोरिया जिले में ही कई जगह ऐसे हैं, जहां पेयजल की बड़ी परेशानी होती है। गर्मियों के दिनों में तो कई गांवों में पेयजल की गंभीर संकट का सामना करना पड़ता है। दिनों दिन भूमिगत जल के अत्यधिक दोहन के कारण जल संकट की स्थित बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के सोनहत जनपद पंचायत अंतर्गत वनांचल रामगढ़

⏭ शेष पेज 4 पर





# मुंबई के पॉश इलाके में खरीदा नया अपार्टमेंट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में कई हिट फिल्मों में योगदान देने के लिए जाने जाते हैं। अभिनेता ने अब मुंबई के पाली हिल के आलीशान इलाके में एक नया अपार्टमेंट खरीदा है। स्क्वायर याड्र्स द्वारा पोस्ट किए गए संपत्ति पंजीकरण दस्तावेजों के अनुसार, उन्होंने 9.75 करोड़ रुपए में यह संपत्ति खरीदी है। उनका नया घर लगभग 1,027 स्क्वायर फीट का है और अभिनेता इसमें रहने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 25 जून को, इसकी प्रक्रिया शुरू हुई, जिसके लिए आमिर ने 30 हजार रुपए की रजिस्ट्रेशन फीस और 58.5 लाख रुपए की स्टाम्प ड्यूटी का पंजीकरण शुल्क दिया है।

लाइफ Style

# सुहाना खान

## रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड के साथ पार्टी करती दिखीं



शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। कभी अपनी ड्रेस और लुक्स की वजह से तो कभी अपने रिलेशनशिप की चर्चाओं की वजह से। सुहाना ने 'द आर्चीज'से अभिनय के क्षेत्र में डेब्यू किया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब सुहाना खान शाहरुख खान के साथ फिल्म 'किंग' में नजर आएंगी। इस बीच सुहाना को लंदन में अपने रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड के साथ स्पॉट किया गया है। दरअसल, सुहाना और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा के डेटिंग की अफवाहें तब से चल रही हैं जब से उन्होंने 'द आर्चीज' की शूटिंग की है, तब से इन्हें कई बार एक साथ देखा गया है। सुहाना और अगस्त्य नंदा की डेटिंग की अफवाहों को तब हवा मिल गई जब दोनों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। जिसमें दावा किया गया कि दोनों स्टार किड्स को एक साथ लंदन के एक क्लब में पार्टी करते हुए देखा गया।

दोनों एक-दूसरे के साथ पार्टी का आनंद उठाते हुए नजर आएं। इससे प्रशंसकों ने अंदाजा लगाना शुरू कर दिया कि वे दोस्त से कुछ ज्यादा हैं। एक फैन पेज ने ट्विटर पर सुहाना की कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा कीं। वीडियो को साझा करते हुए दावा किया गया कि इसमें शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान एक नाइट क्लब में दिख रही हैं। उनके सामने अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा काले रंग की शर्ट में खड़े हैं और उनके चेहरे पर एक लंबी मुस्कान दिख रही है।

हॉलीवुड मसाला



# मौत के समय हो चुके थे दिवालिया

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के मशहूर पॉप स्टार माइकल जैक्सन पूरी दुनिया में चैरिटी यानी दान देने के लिए मशहूर थे। वहीं लॉस एंजिल्स की अदालत ने एक दस्तावेज जारी करते हुए बताया कि अपने मृत्यु के समय गायक भयंकर रूप से कर्ज में डूबे हुए थे। उनपर 500 मिलियन डॉलर से ज्यादा का बकाया था। गायक 25 जून 2009 को इस दुनिया को छोड़कर चले गए थे। माइकल जैक्सन की मौत 50 वर्ष की आयु में लंदन के विस्तारित 'दिस इज इट' रेजीडेंसी की तैयारी के दौरान हो गई थी। जो जुलाई 2009 से मार्च 2010 तक चलने वाली थी।




# अब नहीं टूटेगा मर्लिन मुनरो का घर

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी अभिनेत्री और मॉडल मर्लिन मुनरो के लॉस एंजिल्स स्थित घर को लॉस एंजिल्स सिटी काउंसिल द्वारा बुधवार को ऐतिहासिक सांस्कृतिक स्मारक नामांकन में मंजूरी दी गई है। इस पदनाम का उद्देश्य इस ऐतिहासिक स्थल को टूटने से बचाने में मदद करना है। दरअसल, मुनरो ने जिस घर में आखिरी सांस ली थी, उसे ब्रिना मिलस्टीन और उनके पति, रियलिटी टीवी निर्माता रॉय बैंक ने पिछले साल खरीद लिया था, जिसे वह तोड़ना चाहते थे, लेकिन अब इसे ऐतिहासिक सांस्कृतिक स्मारक का नाम दे दिया गया है। एल.ए. कंजर्वेंसी ने एक्स पर साझा करते हुए लिखा, 'ब्रेंटवुड में मर्लिन मुनरो का घर अब एक ऐतिहासिक-सांस्कृतिक स्मारक है! एल.ए. सिटी काउंसिल ने सर्वसम्मति से मर्लिन मुनरो के अंतिम घर के लिए नामांकन को मंजूरी दे दी।



# कश्मीरी होने पर लोगों ने मारे ताने

**नई दिल्ली।** हिना खान बीते 15 सालों से एक्टिंग की दुनिया में काम कर रही हैं। वह टीवी की दुनिया की महंगी एक्ट्रेस में गिनी जाती हैं। लेकिन एक्ट्रेस बनना हिना का पहला सपना नहीं था। एक्ट्रेस बनने से पहले वह कुछ और ही बनना चाहती हैं, लेकिन किस्मत ने उन्हें एक्ट्रेस बना दिया। उसे लोगों ने कश्मीरी होने पर ताने भी मारे। हिना खान ने अपने करियर की शुरुआत साल 2009 में पॉपुलर टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से की थी। इसी सीरियल की वजह से उन्हें घर-घर में पहचान मिली थी। उन्होंने बताया था कि एक प्रोजेक्ट के हाथ से इसलिए निकल गईं, क्योंकि उनका रंग कश्मीरी लड़की लड़की जैसा नहीं था। उस प्रोजेक्ट में उन्हें कश्मीरी लड़की का रोल प्ले करना था। हालांकि उन्हें ये कहकर मना कर दिया गया था कि वो कश्मीरी नहीं दिखती हैं।



# आयुष्मान ने ताहिरा पर जताया गर्व

**मुंबई।** अभिनेता आयुष्मान खुराना ने अपनी पत्नी ताहिरा कश्यप निर्देशित फिल्म 'शर्मा जी की बेटी' के लिए उन पर गर्व जताया है। आयुष्मान खुराना और उनकी पत्नी ताहिरा अक्सर एक दूसरे को सोशल मीडिया पर सपोर्ट करते हुए दिखाई देते हैं। ताहिरा की निर्देशन में बनी उनकी डेब्यू फिल्म 'शर्माजी की बेटी' की 28 जून को प्रीमियर हुई और अभिनेता ने अपनी पत्नी की उपलब्धि पर गर्व जताया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर पत्नी ताहिरा कश्यप की प्रशंसा करते हुए तस्वीरें पोस्ट कीं। जिसमें की बचपन की तस्वीर भी शामिल है। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य तस्वीरें इस पोस्ट में साझा की हैं। ताहिरा के निर्देशन में बनी फिल्म के बारे में बात करते हुए लिखा, 'आपकी आत्मा हर उस चीज में झलकती है जिसे आप छूती हैं, यही वजह है कि 'शर्माजी की बेटी' इतनी खास फिल्म है।

टीवी मसाला



# बिग बॉस के इन प्रतियोगियों पर लगा फेक शादी रचाने का आरोप

नई दिल्ली। 'बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत हो चुकी है। इसमें कोई शक नहीं है कि यह सबसे विवादित शो में से एक है। सीजन 3 में भी एक से बढ़कर एक प्रतिभागी आए हैं। शो की शुरुआत से ही बीबी हाउस में बवाल मचा हुआ है। वहीं, इस शो के कुछ पूर्व प्रतियोगी ऐसे भी रहे हैं, जिन पर टीआरपी के लिए नकली शादी रचाने का आरोप लग चुका है। इन चर्चित चेहरों ने टीआरपी के लिए नकली शादी रचाई और आगे जाकर मुकर गईं। इस तरह ये हीरोइनें नेशनल टेलीविजन पर शादी का मजाक उड़ा चुकी हैं। इस लिस्ट में शहनाज गिल से लेकर राखी सावंत तक शामिल हैं। शहनाज गिल ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 13' से घर-घर में अपनी पहचान बनाई। शो के होस्ट सलमान खान, शहनाज को पंजाब की कटरीना कैफ कहते हैं। वहीं, 'बिग बॉस 13' शो के खत्म होते ही शहनाज गिल ने अपना स्वयंवर रचाया था। शो में सना ने प्रतियोगियों से खूब मेहनत कराई। हालांकि, फिनाले में शहनाज ने किसी को भी चुनने से इनकार कर दिया, और शादी से मुकर गईं। ऐसा करने के बाद शहनाज पर आरोप लगा कि उन्होंने महज फेम के लिए यह ढोंग रचा था। जसलीन मथारू और अनूप जलोटा ने बतौर गर्लफ्रेंड और बॉयफ्रेंड 'बिग बॉस' शो में एंट्री ली थी।

# कलाकारों का नहीं मिला बकाया निर्माताओं को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** टीवी शो 'लाल बनारसी' के कलाकार सावी ठाकुर, गौरी चित्रांशी और कुलदीप सिंह ने अपने पूरे पैसे का भुगतान न होने के चलते निर्माता संतोष कुमार और रोशेल सिंह को नोटिस भेज दिया है। इस शो का प्रसारण मई 2023 में शुरू हुआ था और इस साल मई के दूसरे हफ्ते में खत्म हो गया था। शो के एक और अभिनेता कुलदीप सिंह के मुताबिक उन्होंने दिसंबर से मार्च तक शूटिंग की थी और उन्हें इसके लिए 4,70,000 रुपए मिलने थे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि टीवी इंडस्ट्री में आमतौर पर शो शुरू होने के 90 दिन बाद पैसा मिलना शुरू होता है, लेकिन लाल बनारसी के निर्माताओं ने इसे 120 तक खींच दिया और उसके बाद भी समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा था। कुलदीप ने कहा कि उन्हें घर का लोन भरने के साथ-साथ बाकी की जिम्मेदारियों के लिए भी पैसे की जरूरत है और कोई दूसरा रास्ता नहीं होने के कारण उन्होंने निर्माता को कानूनी नोटिस भेज दिया है।




# छात्रों का किया मार्गदर्शन नशे से दूर रहने की दी सीख

**मुंबई।** थलपति विजय दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार हैं। वह मुख्य रूप से तमिल फिल्मों में काम करते हैं। हाल में ही वह इस साल 10वीं और 12वीं की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करने एक कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छात्रों को जीवन से संबंधित कुछ कठोर सबक दिए, जो बच्चों को गंभीरता से समझनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'चाहे कोई भी कारण हो,मगर किसी भी कीमत पर अपनी पहचान न खोएं। मैं अभी यह इसलिए कह रहा हूं क्योंकि हमारे राज्य में नशीले पदार्थों का काफी ज्यादा उपयोग होता है, खासकर युवाओं में इसका बहुत अधिक उपयोग होता है।' एक अभिभावक और एक राजनीतिक संगठन के नेता के रूप में उन्हें इस पर शर्म आती है। मेरा कहना है कि कभी-कभी हमें इन परिस्थितियों से खुद ही खुद को बचाना पड़ता है। हमेशा उन्हें खुद पर नियंत्रण और अनुशासन रखना चाहिए। क्षणिक खुशियां देने वाली चीजों और नशीली दवाओं का सेवन न करें।



# करण ने सोनाक्षी को दिया 'कूल दुल्हन' का टैग



**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने सात साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद 23 जून को अपनी शादी की शुरुआत की। उनकी शादी के फंक्शन की तस्वीरों और वीडियो ने जोड़े की खुशी को खूबसूरती से कैद किया। सोनाक्षी और जहीर को उनकी नई शुरुआत के लिए फिल्म इंडस्ट्री से शुभकामनाएं मिलीं। अब, फिल्म निर्माता करण जौहर ने खुलासा किया है कि उन्हें उनकी शादी में क्या पसंद आया। उन्होंने सोनाक्षी को 'सबसे कूल दुल्हन' भी कहा। उन्होंने सोनाक्षी के ब्राइडल लुक की तारीफ की और उनकी शादी की सादगी को देखकर हैरान रह गए। करण ने कहा, 'आप जानते हैं कि सोनाक्षी के बारे में मुझे जो सबसे अच्छा लगा, वह यह था कि वह सबसे अच्छी दुल्हन थी। वह मस्त थी। जहीर और सोनाक्षी प्यारे लग रहे थे। वे खुश दिख रहे थे, वे बहुत खूबसूरत लग रहे थे। और कोई तामझाम या दिखावा नहीं था। यह सिर्फ शुद्ध प्रेम और मस्ती थी और यही बात मुझे उनकी शादी में पसंद आई।

# रक्तबीज में एक्शन करते दिखेंगे आदित्य रॉय कपूर!



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर जल्द ही राज और डीके की अगली वेब सीरीज में नजर आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वेब सीरीज का नाम 'रक्तबीज' रखा गया है। इसके लिए आदित्य को ऑफर मिला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस एक्शन सीरीज में आदित्य के साथ सामंथा रूथ प्रभु भी मुख्य भूमिका में होंगी। 'द नाइट मैनेजर' के बाद आदित्य रॉय कपूर का ओटीटी के लिए दूसरा प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट के लिए हामी भर दी थी। इसके तुरंत बाद निर्माताओं ने सामंथा को भी इस सीरीज में शामिल कर लिया था। दोनों कलाकारों ने सीरीज के लिए अपनी-अपनी तैयारी भी शुरू कर दी है। जल्द ही दोनों इस एक्शन सीरीज के लिए साथ में भी ट्रेनिंग लेगें। खबर के मुताबिक, राज और डीके की जोड़ी फिलहाल फैमिली मैन के तीसरे सीजन की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके बाद ये निर्देशक जोड़ी इस साल अगस्त तक 'रक्तबीज' को फ्लोर पर लाने की योजना बना रहे हैं। राज और डीके की फैमिली मैन में भी सामंथा रूथ प्रभु नजर आई थीं। सामंथा रूथ प्रभु ने इस सीरीज को लेकर एक इवेंट में कहा था, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक्शन करूंगी। ये मेरे लिए बड़ी जीत है। मुझे नहीं लगा कि मैं सिटाडेल का हिस्सा बनूंगी। मैं राज, डीके, सीता और अमेजन की बहुत आभारी हूं।'

## मांगी चंद दिनों की मोहलत और 2 हफ्तों में रच दिया इतिहास

# डायरेक्टर ने किया रिजेक्ट, रो पड़े पंचम दा

**नई दिल्ली।** म्यूजिक के जादूगर आरडी बर्मन भले ही हमारे बीच नहीं हैं लेकिन वह आज भी अपने टैलेंट की वजह से पूरी दुनिया पर राज करते हैं। पंचम दा के नाम से मशहूर आरडी बर्मन ने 1960 से 1980 के दशक तक एक्टिव थे। इस दौरान उन्होंने सैकड़ों सुपरहिट गाने दिए। आरडी बर्मन की चमक ऐसी थी कि उनके जैसा न कोई हुआ और ना कोई होगा। संगीत की दुनिया में दशकों तक राज करने वाले पंचम दा का जन्म 27 जून,1939 को कोलकाता में हुआ था। आरडी बर्मन ने साल 1994 में 4 जनवरी को दुनिया को अलविदा कहा था. आर डी बर्मन को गए हुए 30 साल बीत चुके हैं। हालांकि उनकी यादें और नग्में आज भी सुर्खियों में रहती हैं। उनकी लाइफ से जुड़ी हर छोटी-छोटी बात दर्शकों और म्यूजिक प्रेमियों के दिलों में जिंदा है। संगीतकार आरडी बर्मन ने 300 से ज्यादा फिल्मों में म्यूजिक कंपोज किया था। उनके गाने 21वीं सदी के युवाओं की पहली पसंद है। आज भी उनके गाने को फैंस यूट्यूब पर सर्च करके सुनते हैं और खूब एन्जॉय करते हैं।



### पंचम दा ने रिजेक्शन को किया इग्नोर

आईएमडीबी की रिपोर्ट्स के अनुसार, सुपरहिट परिंदा के बाद जब विधु अपनी दूसरी फिल्म '1942 ए लव स्टोरी' लेकर आए तो उन्हें इस फिल्म के गाने के लिए पंचम दा को अप्रोच किया था। पंचम दा ने बिना देरी किए विधु से वादा किया कि वे उनकी फिल्म में म्यूजिक देंगे। विधु जब अपने गाने के लिए पंचम दा के घर पहुंचे तो उन्होंने अपना पहला गाना 'कुछ न कहो ,कुछ भी न कहो' गीत सुनाया लेकिन विधू इस गाने से खुश नहीं हुए। उन्होंने इस गाने को रिजेक्ट कर दिया। पंचम दा ने इस रिजेक्शन को इग्नोर किया और कुछ नहीं कहा। लेकिन विधु जाते-जाते पंचम दा से कहा- आपके पीछे जो तस्वीर लगी हुई है मुझे उनके जैसे संगीत की तलाश है और मुझे पता है कि वो सिर्फ आप ही दे सकते हैं। पंचम दा पीछे पलटे और अपने पिता सचिन देव बर्मन की तस्वीर की तरफ देखा। वह यह देखकर बहुत भावुक हो गए।

### किसी के पास नहीं जाते थे काम मांगने

1960 से 1980 तक पंचम दा के गानों कहा बॉक्स ऑफिस पर चार्टबस्टर साबित होते थे। वो कुछ लिख देते थे वह हिट हो जाता है। हालांकि 80 का दशक खत्म होते और 90 का दशक आते ही पंचम दा का स्टारडम और जलवा दोनों ही कमजोर पड़ गया था। 90 का दशक आते ही म्यूजिक इंडस्ट्री में एक से एक नए कंपोजर अपनी धाक जमा चुके थे। नदीम -श्रवण ,आनन्द मिलिंद ,शिव हरी ,जतिन-ललित जैसे म्यूजिक कंपोजर को फिल्मों में काफी महत्तव मिलने लगा था। ऐसे में पंचम दा को कम ऑफर मिलने लगे थे। यह समय पंचम दा के लिए काफी कष्टकारी और निराश करने वाला था। हालांकि उनकी एक खूबी थी। वह कभी भी किसी के पास काम मांगने के लिए नहीं जाते थे. लेकिन वह काम की तलाश में बैठे रहते थे. ऐसे में एक दिन अचानक से उन्हें एक बड़ा ऑफर मिला। एक यंग डायरेक्टर उन्हें अपनी फिल्म के अप्रोच किया। यह ऐसा मौका था जिस पर पंचम दा को यकीन नहीं हो रहा था कि उनके गानों की आज भी डिमांड होगी। ऐसे में पंचम दा भावुक हो गए। वह खुद को डायरेक्टर के सामने रोक नहीं पाए और रोने लगे थे।

# आशा भोसले की बायोग्राफी लॉन्च पर सोनू निगम ने धोए गायिका के चरण, हुए भावुक

**मुंबई।** शुक्रवार को मशहूर गायिका आशा भोसले की बायोग्राफी 'स्वरस्वामिनी आशा' लॉन्च की गई। इस मौके पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत उपस्थित रहे। उनके अलावा सोनू निगम, आशाताई की पोती जनाई भोसले भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर गायक सोनू निगम ने आशा भोसले की चरण धोए। आशा भोसले की बायोग्राफी की लॉन्चिंग पर अभिनेता जॉकी श्रॉफ भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आशा भोसले के पैर छूकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अभिनेता ने खास अवसर पर गायिका को गमला भेट किया। बुक लॉन्च के अवसर पर सोनू निगम ने कहा, 'देवी मां प्रणाम, मैं बिल्कुल कुछ नहीं कहना चाहता था। लेकिन, मुझे कहा गया है तो मैं यही कहूंगा कि आज सीखने के लिए बहुत से साधन हैं। लेकिन, जब सीखने के लिए कुछ नहीं था तो लताजी और आशाजी थीं। इन्होंने पूरी दुनिया को गाना सिखाया है। जो आपसे सीख सके उनके लिए धन्यवाद। जो सीख रहे हैं, उनके लिए धन्यवाद।



## खबर संक्षेप

### निगम के सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों को दी गई विदाई

**कोरबा।** नगर निगम के सेवानिवृत्त हुए 9 अधिकारी कर्मचारियों को निगम कार्यालय में समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस मौके पर निगम आयुक्त ने सेवानिवृत्त हुए इन अधिकारी कर्मचारियों का सम्मानित किया। नगर निगम के संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, राजस्व अधिकारी रघुराज सिंह, सहायक कार्यालय अधीक्षक आरएस चौहान, समयपाल राजकुमार सिंह, चौकीदार शंकर पुरी, निगम कर्मचारी विश्राम टंडन, रामलाल सोनवानी, सफाईमित्र एस.गीरेया एवं चुनकाई सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों को निगम कार्यालय साकेत में आयोजित कार्यक्रम में विदाई दी गई। इस मौके पर आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया, शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की अपनी शुभकामनाएं दी। आयुक्त सुश्री ममगाई ने कहा कि आप सबने अपनी दीर्घ सेवा के दौरान इस संस्था को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदान किया है, आपके सहयोग के लिए निगम सदैव तत्पर रहेगा तथा जहाँ कहीं पर भी आपको अनुभवों की आवश्यकता निगम को होगी, उसका उपयोग भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप सेवानिवृत्त हुए समस्त अधिकारी कर्मचारी परिवार के लिए, समाज के लिए अपना समय देंगे, मैं इसकी कामना करती हूं। अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने इस मौके पर कहा कि एक अधिकारी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति उसके जीवन की दूसरी पारी की शुरूआत है, अब आप निगम की सेवा से निवृत्त होकर अपना समय घर, परिवार एवं समाज को देंगे। कार्यक्रम का संचालन कार्यपालन अभियंता अखिलेश शुक्ला ने तथा आभार स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी के द्वारा किया गया।

### विकलांग लक्ष्मण को मिला इलेक्ट्रॉनिक ट्राई साइकिल

**कोरबा।** निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 35 में निवास करने वाला लक्ष्मण चौहान जो कि घर-घर घूम कर ब्रेड बेचने का काम करता था। बीमारी की वजह से इसका एक पर नहीं रहा। जिससे उसकी आजीविका का साधन समाप्त हो गया, घर का गुजर बसर भी बड़ी मुश्किल से हो पा रहा था। आए दिन वह कई लोगों के पास सहायता के लिए दौड़ता रहा। लोगों ने कई प्रकार से उसकी मदद भी की। अपने वार्ड के पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल जी के यहां भी वह सहायता के लिए पहुंचा। हितानंद अग्रवाल ने सामर्थ्य विकास योजना के तहत प्रयास कर उसके जीवकोपार्जन के लिए इलेक्ट्रॉनिक ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई। आज लक्ष्मण चौहान साइकिल पाकर बेहद खुश है। लक्ष्मण ने बताया कि पैर न होने की वजह से वह अपना काम नहीं कर पा रहा था। इलेक्ट्रॉनिक ट्राई साइकिल मिलने से उसके जीवन में नई किरण आई है, अब वह अपना पुराना काम इस साइकिल के माध्यम से कर सकेगा। बातचीत में हितानंद अग्रवाल ने बताया कि विकलांग जनों की सेवा हेतु हम हमेशा तैयार हैं, जब लक्ष्मण चौहान सहायता के लिए उनके पास पहुंचा और अपने परिवार की स्थिति बताई तो उनसे रहा नहीं गया। उन्होंने तुरंत समाज कल्याण विभाग में संपर्क कर उसे योजना का लाभ दिलाया।

### 24 जुलाई तक मनाया जाएगा विश्व जनसंख्या दिवस

**कोरबा।** जिले में परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 27 जून से 24 जुलाई तक विश्व जनसंख्या दिवस एवं जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े के तीन भागों में बांटा गया है। प्रारंभिक चरण में पखवाड़ा के सुचारू रोल आउट सुनिश्चित करने की तैयारियों पर ध्यान केन्द्रीत किया जाना है। इस दौरान ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक विषेष अभियान चलाकर पुरूष एवं महिला नसबंदी के प्रति फैली अज्ञानता व भ्रांतियों को दूर किया जाएगा तथा परिवार नियोजन के महत्व के बारे में जनता को जागरूक किया जाएगा तथा समस्त स्थानों पर कमोडिटी की उपलब्धता, सेवाओं की उपलब्धता, प्रशिक्षण इत्यादि की व्यवस्था सुनिष्चित किया जाएगा। 27 जून से 10 जुलाई तक लक्ष्य दंपती पखवाड़े में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, तथा मितानिनों के द्वारा जागरूकता हेतु सही समय पर विवाह, स्वास्थ्य जन्म अंतराल, प्रसव उपरांत परिवार नियोजन, परिवार नियोजन में पुरूष सहभागिता एवं गर्भपात उपरांत परिवार नियोजन, तथा परिवार नियोजन के गर्भनिरोधक की जानकारी दी जाएगी। 11 से 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा।

## निधन

### विनोद महोबिया

**बैकुण्ठपुर।** शहर के स्थानीय निवासी वरिष्ठ नागरिक विनोद महोबिया का बीते 28 जून को सुबह 11:30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। स्व. महोबिया का अंतिम संस्कार 29 जून को गेज नदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जहां, परिजन समेत काफी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे। वे पत्रकार स्वतंत्र महोबिया के बड़े भाई थे।

### विमल कुमार जायसवाल

**बैकुण्ठपुर।** पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बैकुंठपुर अनिल कुमार जायसवाल के छोटे भाई विमल कुमार जायसवाल का 28 जून की रात्रि असामयिक निधन हो गया। स्व. जायसवाल का अंतिम संस्कार 29 जून शनिवार को छिंदिया मुक्तिधाम में किया गया। जहां परिजन समेत काफी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे।

---

### खंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में जुटे शिक्षक, अफसर व बच्चे

# गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए बच्चों को नियमित भेजें स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर/सोनहत

सोनहत जनपद में खंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन 28 जून को पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला लटमा परिसर में उल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में पहुंचे अतिथि पूर्व जनपद अध्यक्ष राम प्रताप मरावी व अन्य के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रतिवेदन विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी अरविंद सिंह ने पढ़ा। कार्यक्रम में जनपद सदस्य सोनिया प्रकाश राजवाडे, जनपद सदस्य शिव कुमारी, ईश्वर राजवाड़े, प्रकाश राजवाडे, सुभाष जायसवाल, नंदलाल राजवाडे, शाला विकास समिति माध्यमिक शाला लटमा अध्यक्ष पूरन राजवाडे, मनोज साहू, अनिल राजवाडे, सबूत राजवाडे के साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जगत,खंड स्त्रोत समन्वयक एरोन बखला, एबीईओं श्री भगत के साथ प्रधान पाठक केके मिश्रा, प्रसिद्ध नारायण दुबे, प्राचार्य सुंदरपुर बीपी सिंह, शिक्षक अमित शर्मा, प्रधान पाठक पीमश्री प्राथमिक शाला लटमा महाबल सिंह, श्रीमती ललिता, संजू विनीत लकड़ा, मिथिलेश सिंह के साथ संकुल सुंदरपुर ए व बी के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालक, ग्रामीणजन सहित स्कूली बच्चे काफी संख्या में उपस्थित रहे। उपस्थिति अतिथियों ने अपने-अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर पर अपने व्याख्यान दिए और पालकों से अपील किया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय स्कूल भेंजे, ताकि प्रत्येक बच्चें को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिल सके। वहीं कार्यक्रम के बीच में जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता पहुंचे, उनके साथ श्री भट्ट भी पहुंचे, जिनका स्वागत किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित बच्चों एवं पालकों को संबोधित करते हुए शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यहां का कार्यक्रम जिला स्तरीय किसी बड़े कार्यक्रम से कम नहीं है। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति देने वाले बच्चों के कार्यक्रम से प्रसन्न होकर जिला शिक्षा अधिकारी ने नगद राशि का इनाम देकर सम्मानित किया। साथ ही श्री गुप्ता ने शिक्षा को लेकर अपनी सारगर्भित उद्बोधन दिया।

बच्चों को किताब व गणवेश का वितरण- शाला प्रवेशोत्सव में पहुंचे अतिथियों के द्वारा विभिन्न विद्यालयों के बच्चों को तिलक लगाकर मूंह मीठा कराया गया और बच्चों को निःशुल्क गणवेश व पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। इस अवसर पर पर सरस्वती सायकल योजना के तहत एक बालिका को सायकल भी प्रदान किया गया।



स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मनाते हुए शिक्षक।

### गेड़ी नृत्य के साथ अन्य नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति

पीएम श्री प्राथमिक शाला लटमा परिसर में आयोजित खंड़ स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में अतिथियों के स्वागत के लिए पीएम श्री स्कूल के बच्चों के द्वारा वेलकम नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके अलावा अन्य बच्चों के द्वारा भी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। वहीं इस कार्यक्रम में सुंदरपुर हाईस्कूल के बच्चों के द्वारा आकर्षक गेड़ी नृत्य की प्रस्तुति देकर शमा बांध दिया।



शाला प्रवेशोत्सव के दौरान बच्चे।

### डोमनापारा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

**नागपुर।** संकुल लालपुर अंतर्गत संचालित प्राथमिक व माध्यमिक शाला डोमनापारा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन शनिवार को किया गया। आयोजन में सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह प्रधान पाठक गणेश प्रसाद साहू,उच्च श्रेणी शिक्षिका श्रीमती मालती सिंह उपस्थित रही। इस अवसर पर न्योता भोज का आयोजन शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला डोमनापारा संकुल केन्द्र लालपुर द्वारा किया गया। आयोजन में जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, संकुल प्राचार्या श्रीमती सुदीप्ता शर्मा, विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र जायसवाल, सहायक विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र पांडे, खंड स्त्रोत समन्वयक सुंदरराम कैवर्थ, सीएसी लालपुर चंद्रभूषण सोनी ने कार्यक्रम को यादगार बनाया। कार्यक्रम में संकुल के समस्त विद्यालय एसएमसी के सदस्य, ग्रामवासी एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूवात जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सभी अतिथियों को बैच लगाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर पाठ्य पुस्तक व गणवेश दिया गया।

---

## तहसीलदार के आदेश से हटा बेजा कब्जा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोनहत के मार्गदर्शन में 28 जून को ग्राम सोनहत में एक आदेश के पालन में धारा 170 (ख) के तहत आवेदक प्रेमसिंह आत्मज काशीराम, श्रीमती लतासिंह पति प्रेमसिंह, जाति गोंड, निवासी ग्राम सोनहत के पक्ष में खसरा नं. 702 रकबा 0.210 हे.भूमि में से रकबा 0.040 हे. भूमि में अनावेदकगण जावेद आ. युनुस, वाजिद आ. अजीज, निवासी ग्राम सोनहत के द्वारा मकान बनाकर कब्जा किया गया था।

जिसे खाली कर आवेदकगण को कब्जा दिलाने का आदेश पारित था। इसके पालन में अनावेदगणों को तहसीलदार सोनहत परमानंद कौशिक द्वारा 3 अप्रैल 2024 को सूचना जारी कर 18 अप्रैल 2024 तक कब्जा खाली कर आवेदकगणों को कब्जा स्वयं सौप देने के लिए अवसर दिया गया था। इसके बाद भी आवेदकगणों को कब्जा नहीं सौंपे जाने के कारण पुनः 24 जून को कब्जा दिलाने के लिए तहसीलदार सोनहत द्वारा सूचना सर्व संबंधित को जारी कर 28 जून को कब्जा दिलाने के लिए टीम गठित कर तिथि निश्चित किया था। उक्त सूचना सर्व संबंधित को सूचना तामीली पश्चात 28 जून को आवेदकगणों को उक्त भूमि मकान का कब्जा अनावेदकगणों से मुक्त कराकर पुलिस बल, राजस्व अमला के सहयोग से तहसीलदार सोनहत द्वारा कब्जा दिलाया गया।

## कोयला मजदूर संघ एटक का सातवां क्षेत्रीय अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

एटक संगठन अपने साथियों का सम्मान संगठन के साथ भी तथा संगठन के बाद भी करता है। उक्त बातें कोयला मजदूर संघ एटक के सातवां क्षेत्रीय अधिवेशन के प्रथम दिवस स्कूल ग्राउंड हल्दीबाड़ी में आमसभा को संबोधित करते हुए जेबीसीसीआई के सदस्य तथा संगठन के राष्टीय उपाध्यक्ष हरिद्वार सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि चिरमिरी बहुत पुराना क्षेत्र है, यहां संगठन 1936 से कार्यरत है। यह क्षेत्र कर्मठ रहा है, पहली बार काफी संख्या में जमीन के बदले नौकरी प्राप्त कर्मचारियों को प्रबंधन द्वारा बर्खास्त कर दिया गया था, लेकिन संगठन की मांग पर प्रबंधन 1600 कर्मचारियों को पुनः कार्य पर वापस लेने के लिए तैयार हो गई है। उन्होंने बताया कि एसईसीएल कंपनी ने वर्ष 2022-23 में 9 हजार 900 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है, हमारे संगठन ने कंपनी के मुखिया से मांग की थी कि इस मुनाफे में मजदूर एवं अधिकारियों का भी हिस्सेदारी होना चाहिए, इस पर प्रबंधन ने 42 हजार मजदूर एवं अधिकारियों को हकदार बनाने का वादा किया है।

आश्रितों को नौकरी के लिए प्रबंधन के साथ तय हुआ है कि जिस दिन कर्मचारी की मौत होगी, उसी दिन से आश्रित के उम्र तय होगा, पहले लड़कियों को आश्रित के श्रेणी में नहीं रखा गया था, अब उन्हें भी रोस्टर में रखा गया है। ओवर टाइम को इंसेंटिव में ना जोड़ा जाए। इस मांग को लेकर संगठन लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने बड़े गर्व के साथ घोषणा की है कि पूरे एसईसीएल में कोई भी संगठन का पदाधिकारी ठेकेदारी नहीं करता, यदि कोई पदाधिकारी ठेकेदारी करता पाया गया तो उसे तत्काल पद से हटा दिया जाएगा। संगठन को मजबूत करें, आंदोलन मजबूत होगा। सभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा ने कहा कि अब वेलफेयर के काम का जो भी रूपए आएगा क्षेत्रीय वेलफेयर कमेटी के साथ-साथ तय कार्यक्रम के अनुसार ही कार्य होगा। आम सभा के उपरांत समस्त पदाधिकारी की एक विशाल रैली हल्दीबाड़ी सड़क दफाई से होते हुए भैंसा दफाई जाकर समाप्त हुई।

कार्यक्रम का संचालन मुस्ताक अली एवं आभार प्रदर्शन क्षेत्रीय महामंत्री लिंगराज नायक ने किया। क्षेत्रीय अधिवेशन में एसईसीएल के विभिन्न इकाइयों से पदाधिकारी उपस्थित हुए रहे। इस दौरान हरिहर दास, सोमनाथ प्रधान, उपेन्द्र नायक ,कमल प्रसाद, राम अवतार अदले, अतुल गुप्ता, महेश यादव, गजराज सिंह ,अनिल महाराज, सन्यासी बेहरा, जगन्नाथ पांडा, माबूब अली, अरविंद तिवारी, विकास जायसवाल, संजय तिवारी, मनोज ठाकुर, धन्नंजय शर्मा, शब्बीर अल्ली ,नंदा कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




आमसभा में उपस्थित अतिथि।

---

## नर्सिंग छात्राओं ने किया रांची में शैक्षणिक भ्रमण



**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाइफ हेल्थ एंड एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर के बीएससी नर्सिंग पंचम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के साथ क्लिनिकल प्रशिक्षण के लिए मनोचिकित्सालय इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइकियाट्री एंड अलाइड साइंसेज (रीन पास) रांची में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

एक दिवसीय 25 जून को उन्होंने केन्द्रीय मनोचिकित्सा संस्थान (सीआईपी) का शैक्षणिक भ्रमण किया। जहां उन्होंने शैक्षिणक भ्रमण के दौरान पाया कि केन्द्रीय मनोचिकित्सा संस्थान झारखण्ड़ के राजधानी रांची में स्थित भारत का मानसिक स्वास्थ्य का प्रमुख संस्थान है जहां अस्पताल में भ्रमण कर मरीजों का उपचार की सलाह एवं भर्ती प्रक्रिया के बारे में अध्ययन किया। साथ ही ईसीटी और ईईजी कैसे लिया जाता है। छात्र-छात्राओं ने सिखा, इसके अंतर्गत अस्पताल में भर्ती मरीजों को उपचार की सलाह मिलने के बाद, मरीजों को ओपीडी बिल्डिंग के मुख्य द्वार के पास ग्राउंड फ्लोर पर स्थित कमरा नंबर 01 (एडमिशन कार्नर) में रिपोर्ट करना होता है। मरीजों को कमरा नंबर 1 में दी गई सलाह का पालन करना होता है और मरीजों का यहां मुफ्त में इलाज देते हैं। केन्द्रीय मनोचिकित्सा संस्थान (सीआईपी) में उन्होंने पाया कि वहां पर सारे वर्ग लिंग (बच्चों- व्यस्क) तक का मानसिक रूप से बीमार मरीजों का इलाज बेहतर ढंग से किया जाता है।

## प्लेसमेंट कर्मचारियों एवं स्वच्छता दीदीयों को मिले रैनकोट

**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका कार्यालय व सफाई विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को सुरक्षा किट प्रदान नहीं किया गया है। बरसात शुरू हो गई है, नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर कर्मचारियों को रैनकोट व सुरक्षा जैकेट वितरित जाने कब होगा। बैकुंठपुर नगर पालिका शहर को स्वच्छ रखने में उनकी अम भूमिका रहती है।

नगर पालिका कार्यालय व सफाई विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष श्रीमती अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने इन कर्मचारियों को रैनकोट, सुरक्षा जैकेट व सफाई कामगारों को हैंड ग्लब्स दस्ताने व मास्क सामग्री सफाई विद्युत व जल विभाग में कार्य कर रहे कर्मचारियों के हैण्ड ग्लब्स व मास्क सहित सुरक्षा जैकेट वितरण जरूरी है । नेता प्रतिपक्ष श्रीमती सिंह ने कहा कि नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखना हमारी पहली प्राथमिकता है। वर्षाकाल में सफाई कर्मचारी भींगते हुए अपना कार्य कर रहे सफाई कर्मियों को बारिश से बचाव के लिए रेनकोट से बारिश के वक्त भी सफाई व्यवस्था नहीं रूकेगी। हर सफाई कर्मी समय से अपनी ड्यूटी पर पहुंच अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर सकेगा। बारिश में सफाई कार्य में काफी दिक्कत होती है। बारिश आने पर उनको भींगते हुए काम करना पड़ता है। अब रेनकोट पहनकर सफाई कर्मी अपना काम कर सकेंगे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नगर पालिका में कार्य कर रहे कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं होगी उसे मुहैया करने की मांग नगर पालिका परिषद से की है। सफाई कर्मचारियों की रेनकोट के अलावा छाता, जूते और टॉर्च भी दी जाएं, ताकि रात में भी उन्हें काम करने में परेशानियों का सामना न करना पड़े। वर्तमान में नगर पालिका परिषद के अंतर्गत कार्य करने वाले कर्मचारी डोर टू डोर महिलाओं की संख्या कुल 60 और प्लेसमेंट पुरुषों 115 कर्मचारी लगभग शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## विधायक प्रतिनिधि ने करवाई नालियों की सफाई



**मनेन्द्रगढ़।** पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि नीलेश मिश्रा ने खुद के खर्चे से बरसात पूर्व नगर पंचायत जनकपुर क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न इलाकों की नाली की सफाई कराई।

विधायक प्रतिनिधि नीलेश मिश्रा ने खुद के खर्चे से जेसीबी व ट्रैक्टर लगाकर सफाई कामगारों से नगर पंचायत क्षेत्र की जाम पड़ी नालियों की सफाई कराई। गौरतलब है कि जनकपुर हाल ही में नगर पंचायत बना है, इससे पहले जनकपुर ग्राम पंचायत था। इस वजह से यहां संसाधन उपलब्ध नहीं होने के कारण विधायक श्रीमती सिंह ने विधायक प्रतिनिधि नीलेश मिश्रा को बरसात से पूर्व नालियों की सफाई के लिए निर्देशित किया था, इसके तहत शकुरवार को विधायक प्रतिनिधि नीलेश मिश्रा सुबह से ही जनकपुर नगर पंचायत के विभिन्न इलाकों में पहुंचकर नालियों को साफ कराते हुए देखे गए। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के साथ ही जिले में भी मानसून ने दस्तक दे दी है। बरसात में नालियों की सफाई नहीं होने से गंदा पानी लोगों के घरों, दुकानों में घुसता है, लेकिन बरसात पूर्व नालियों की सफाई हो जाने से अब लोगों को निजात मिलेगा। विधायक प्रतिनिधि श्री मिश्रा ने बताया कि उन्होंने नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी से जब नाली सफाई को लेकर चर्चा की तो उन्होंने नगर पंचायत में मूलभूत संसाधन नहीं होने की समस्या से अवगत कराया।

---

## पृष्ठ 1 का शेष

### चोरी के मामले ...

आरोपी कार से पहुंचे थे चोरी करने- पकडे गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे 24 जून को रात करीब 10 बजे मनेन्द्रगढ़ से कार से चोरी करने के लिए पण्डोपारा के लिए निकले और सोरगा नर्सरी के पास पहुंच जंगल में कार को खड़ा कर चैतूराम, आनंद कुमार एवं गुड्डू नाला तरफ से घोड़ा दफाई पहुंचे और एक घर के पीछे का खिड़की को तोड़कर घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात व नगदी रकम चोरी की। चोरी के जेवरात खरीदने वाले ज्वेलरी संचालक भी गिरफ्त में- आरोपियों ने चोरी की सोने-चांदी के जेवरात को पोड़ी स्थित ज्वेलरी शॉप में मनोज सोनी को बेच दिया था। आरोपियों के कथन पर पुलिस ने मनोज सोनी से पूछताछ की, जिसके द्वारा सोने-चांदी के जेवरात खरीदी करना स्वीकार किया।

कई चोरी की घटना में शामिल रहे आरोपी- पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में जानकारी हुई कि वे पूर्व में कोरिया के पटना तथा चरचा थाना क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं, इसके अलावा एमसीबी जिले के चोरी के घटना में शामिल रहे।

### बिना मोटर चारों ...

क्षेत्र के ग्राम गरनई है, जहां कुछ वर्षो पूर्व जब गांव के एक जगह पर हैंडपंप के लिए खनन किया गया तो उसमे बड़ी प्रेशर से जल की धारा निकलने लगी। इसके बाद उक्त स्थान पर हैंडपंप स्थापित नहीं किया गया, बल्कि खनन बोर के उपर एक पाइप लगा दी गई है। इसमें बिना बिजली मोटर के ही पेयजल निकल रही है, इसके कारण गांव के लोगों को सालो भर चौबीसों घंटे बिना बिजली व मोटर के ही खनन किए गए बोर से पेयजल मिल रहा है। बताया जाता है कि उक्त जगह पर जमीन के भीतर भारी प्रेशर के कारण जलधारा अनवरत निकल रही है। इस तरह के नजारे बहुत कम ही जगहों पर देखने को मिलता है।

## नियम विरुद्ध हाईब्रीड बीज का शहर में जगह-जगह प्रचार




**बैकुण्ठपुर।** बरसात शुरू होने के पहले गर्मी के मौसम में ही हाईब्रीड धान बीज कंपनियों के द्वारा अपने हाईब्रीड बीज का प्रचार-प्रसार करना शुरू कर देते हैं। इस कार्य के लिए पेड़ों को भी नहीं बक्श रहे हैं।

पेड़ों पर कीले ठोंककर अपने कंपनी का प्रचार किया जा रहा है। इस दौरान जगह जगह छोटे-बोर्ड विभिन्न जगहों पर लगाकर प्रचार किया जाता है। इस काम में नियमों को ताक पर रखकर बिना सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लिए सार्वजनिक संपत्तियों पर भी प्रचार सामग्री लगाकर प्रचार करते हैं। शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न हाईब्रीड धान बीज कंपनियों के द्वारा प्रचार-प्रसार किया जाता है। इसमें विद्युत पोल पर, दीवारों पर तो कई अन्य जगहों पर प्रचार सामग्री चिपका दिए जाते हैं। ज्यादातर धान बीज कंपनियों के द्वारा छोटे टीन के बोर्ड पर कंपनी के हाईब्रीज धान बीज का उल्लेख प्रचार-प्रसार किया जाता है। इसमें कंपनियों के द्वारा पेड़ों को भी नहीं बक्श रहे हैं। जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर से सोनहत मार्ग पर शिवघाट के जंगल क्षेत्र में एक नहीं अनेक पेड़ों पर हाईब्रीज धान कंपनियों के प्रचार देखने को मिल जाएंगे। टीन बोर्ड के प्रचार सामग्री को पेड़ों पर कीले ठोककर स्थाई रूप से लगा दिया जाता है, इसके लिए अनुमति नहीं ली जाती है और बिना अनुमति के ही जंगल क्षेत्र से गुजरने वाले मार्ग किनारे स्थित पेड़ों पर कीले ठोककर अपनी कंपनी का प्रचार कर रहे हैं।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी.मढ़रिया
डायरेक्टर
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ

डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
को-डायरेक्टर
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ

● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज

डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

**न्यायालय प्रथम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण रामानुजगंज**
**जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारी-डॉ. मनोज कुमार प्रजापति)

**समंस**

(धारा 166 मोटर यान अधिनियम 1988 के तहत् क्षतिपूर्ति प्रदान किये जाने हेतु प्रकरण)

मो.दु.दा.प्र.क्र. - 05/2018
प्रोसेस नं. -318/24
प्रोसेस दिनांक-26/06/24
पेशी दिनांक 02/07/2024

पक्षकार :- हीरालाल वगैरह ... आवेदकगण

-:विरूद्ध:-

नवीन एग्रो इन्डस्ट्रीज वगैरह ..अनावेदकगण

प्रति, आवेदकगण हीरालाल वगैरह के द्वारा दुर्घटना में हुए क्षति की क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने हेतु मोटर दुर्घटना दावा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उसके पक्ष समर्थन में दस्तावेज भी प्रस्तुत की गयी है।

अतः अनावेदक क्रमांक 2 कार्तिक राम आ. मोहनराम वर्तमान पता- सपरा आटो मनेन्द्रगढ़ जिला कोरिया (छ.ग.) को इस समंस के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत इस आवेदन के संबंध में आपको अपना पक्ष रखने हेतु अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होना है। उपरोक्त नियत तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण की सुनवाई की जा सकेगी।

यदि उक्त नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है या मैं अवकाश पर जाता हूं तो इस प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जायेगी।

डॉ. मनोज कुमार प्रजापति
प्रथम अति. मो. दावा अधिकरण रामानुजगंज
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)